


*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को दिल्ली के मुंडका और रिठाला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र दराल तथा कुलवंत राणा के समर्थन में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा, दिल्लीवासी अंधकारमय शासन से मुक्ति चाहते हैं और आने वाले चुनाव में झूठे लोगों को सबक सिखाकर भारी बहुमत से भाजपा की सरकार बनाएंगे।*

# 'आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता के साथ धोखा किया'

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिल्ली की मुंडका व रिठाला सीट पर चुनाव सभायें कीं

■ उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के कुशासन के कारण दिल्ली में आज प्रदूषण, टूटी सड़कें, सीवरेज के गंदे पानी, ट्रैफिक जाम और पेयजल की भारी समस्या है।

नई दिल्ली/जयपुर, 28 जनवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा, पिछले 10 सालों से आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता के साथ धोखा किया है। दिल्ली देश की राजधानी है, मगर यहां की स्थिति दिया तले अंधेरा जैसी है। दिल्लीवासी अब इस अंधकारमय शासन से मुक्ति चाहते हैं और आने वाले चुनाव में ऐसे झूठे लोगों को सबक सिखाकर भारी बहुमत से भाजपा की सरकार बनाएंगे। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के लोग चुनाव आने पर मदारी की तरह आते हैं और जनता को झूठे वादे और सपने दिखाकर भ्रमित करते हैं। शर्मा ने मंगलवार को दिल्ली के मुंडका और रिठाला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र दराल तथा कुलवंत राणा के समर्थन में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया।

मुंडका में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के लोग भ्रष्टाचार के खिलाफ अन्ना हजारे द्वारा शुरू किए गए आंदोलन से निकले थे, मगर भ्रष्टाचार में डूब गए। घोटाले में उनके मुख्यमंत्री जेल भी गए। खुद अरविंद केजरीवाल ईमानदारी और सादगी का ढोंग करते थे, मगर करोड़ों रूपए खर्च कर अपने लिए शीशमहल बनवा लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी के कुशासन के कारण दिल्ली में आज प्रदूषण, टूटी सड़कें, सीवरेज के गंदे पानी, ट्रैफिक जाम और पेयजल की कमी की भारी समस्या है। आम आदमी पार्टी का पिछला घोषणा पत्र उठाकर देखिए कि उन्होंने कितनी घोषणाएं पूरी कीं। वहीं दूसरी ओर, देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो कहते हैं, वही करते हैं। भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार में दिल्ली को वह समृद्धि और विकास मिलेगा, जिसकी वह हकदार है।

कार्यक्रम में सांसद पी.पी. चौधरी एवं भाजपा के स्थानीय पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

रिठाला विधानसभा क्षेत्र की जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्द मौसम में दिल्लीवासियों का उत्साह और गर्मजोशी बता रही है कि दिल्ली का मौसम बदलने जा रहा है। दिल्ली को आप-दा से मुक्ति मिलने वाली है।

उन्होंने जनता से आव्हान किया कि 5 फरवरी को कमल के पर बटन दबाकर कुलवंत राणा जैसे ईमानदार, मेहनती और जनसेवा के प्रति समर्पित प्रत्याशी को विजयी बनाएं। कार्यक्रम में भाजपा के स्थानीय पदाधिकारियों सहित, बड़ी संख्या में आमजन मौजूद थे।

# अशोक गहलोत के कार्यकाल में हुये सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार की शिकायत उनके संसदीय सचिव ने की

## पूर्व संसदीय सचिव कन्हैयालाल झंवर ने आरोप लगाया कि घटिया निर्माण के कारण सड़क कई जगह से धंस गई है

■ उन्होंने कहा, राज्य सरकार से शिकायत होने के बाद आरयूआईडीपी ने जांच के लिए टीम भेजी थी, टीम ने अधिकांश सैंपल सड़क के बीच से लिए थे।

■ झंवर ने आरोप लगाया कि डब्ल्यूएमएम और डामरीकरण की मोटाई तय मापदंड के अनुसार नहीं होने के कारण जहां ट्रैंच खोदकर पाइप लाइन बिछाई गई थी, वहां से सड़कें धंस रही हैं।

बीकानेर, 28 जनवरी, (निसं)। राज्य की पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार के कार्यकाल में हुये सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार की शिकायत कांग्रेस के ही पूर्व संसदीय सचिव कन्हैयालाल झंवर ने राज्य सरकार से की है। इस योजना में अब तक 48 करोड़ का भुगतान संवेदक फर्म को हो चुका है। सार्वजनिक निर्माण विभाग ने जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है।

झंवर के अनुसार, पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2021 में नोखा में एडीबी वित्त पोषित राजस्थान शहरी अवसंरचना विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) के तहत दो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और 296 किलोमीटर लंबी पेयजल पाइप लाइन बिछाने के लिए 153.51 करोड़ का बजट मंजूर हुआ था। वर्ष 2022 में काम शुरू होने के साथ ही सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण को लेकर विवाद भी शुरू हो गया। वह विवाद अभी थमा भी नहीं था कि पाइप लाइन बिछाने और सड़कों की मरम्मत को लेकर एक नया विवाद खड़ा हो गया है। दो साल में करीब ढाई सौ किलोमीटर सड़कें बनाई जा चुकी हैं। इसमें 30 किमी में ट्रैंच धंसने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। पाइप लाइन बिछाने और उस पर सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कांग्रेस के ही पूर्व संसदीय सचिव कन्हैयालाल झंवर ने इस काम में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और एसीबी से शिकायत की है।

राज्य सरकार से शिकायत होने के बाद आरयूआईडीपी ने जांच के लिए टीम भेजी थी। टीम ने अधिकांश सैंपल सड़क के बीच से लिए, जहां से सड़क ठोस बनी हुई थी। पूर्व संसदीय सचिव कन्हैयालाल झंवर का आरोप है कि सड़क निर्माण कार्य जी शिड्यूल के तहत नियमानुसार नहीं किया जा रहा है। डब्ल्यूएमएम और डामरीकरण की मोटाई तय मापदंड के अनुसार नहीं होने के कारण जहां ट्रैंच खोदकर पाइप लाइन बिछाई गई थी, वहां से सड़कें धंस रही हैं। कहीं डामर ही उखड़ गया है, काम की क्वालिटी घटिया है। कलेक्टर भी नहीं सुन रही है।

उन्होंने मांग की है कि आरयूआई-डीपी नोखा के एक्सईएन को हटाकर टैक्निकल कमेटी से निर्माण कार्यों की जांच कराई जाए। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता ने नोखा खंड के एक्सईएन मनोज दूबे, जिला खंड की एईएन संजू शेखावत और तकनीकी सहायक पंकज दर्जी की कमेटी गठित कर सात दिन में रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।

नोखा में चल रहे कार्यों को लेकर पीडब्लयूडी के रिटायर्ड एक्सईएन नरेश जोशी ने बताया कि पाइप लाइन बिछाने के बाद ट्रैंच को वापस खुदाई में निकली रेत से ही भर दिया जाता है, जिसमें पत्थर भी होते हैं। इससे जमीन में गैप रह जाता है। पानी डालने और दबाव पड़ने से सड़क वहां से धंस जाती है। ऐसा ठेकेदार पैसा बचाने के लिए करते हैं। नियमानुसार ट्रैंच को बालू रेत से भरना चाहिए। उस पर कई दिन तक पानी डालना चाहिए। रेत ठोस होने के बाद तय मापदंड के अनुसार डब्ल्यूएमएम डालकर डामरीकरण करना चाहिए।

### यमुना में ज़हर: हरियाणा के मुख्यमंत्री केजरीवाल पर मानहानि का मुकदमा चलायेंगे

नई दिल्ली, 28 जनवरी। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल के यमुना के पानी में जहर घोलने को लेकर हरियाणा सरकार पर लगाए गए आरोपों पर बीजेपी और आम आदमी पार्टी में जुबानी हमले तेज हो गए हैं। हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने केजरीवाल से माफी की मांग करते हुए कहा है कि वे अपने बयान के लिए माफी मांगें, नहीं तो उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा किया जाएगा। वहीं, आप के आरोप पर चुनाव आयोग ने सैनी सरकार से रिपोर्ट मांगी है।

आज 12 बजे तक सैनी सरकार चुनाव आयोग के सामने अपना पक्ष रखेगी। केजरीवाल ने हरियाणा सरकार पर यमुना में जहर घोलने का आरोप लगाते हुए इसे सामूहिक नरसंहार की साजिश करार दिया था। हालांकि दिल्ली जल बोर्ड ने केजरीवाल के दावे को नकार दिया है। दरअसल, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप नेता केजरीवाल ने आरोप लगाया था कि भाजपा गंदी राजनीति करके दिल्ली के लोगों को प्यासा रखने की कोशिश कर रही है।

# 'सरकार को जिला बनाने या समाप्त करने का अधिकार है'

■ गंगापुर व नीमकाथाना की याचिका पर सरकार ने जवाब पेश किया।

■ हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को 13 फरवरी तक प्रति-जवाब पेश करने का समय दिया।

जयपुर, 28 जनवरी। गंगापुर सिटी और नीमकाथाना के जिले का दर्जा समाप्त करने के मामले में मंगलवार को राज्य सरकार की ओर से राजस्थान हाईकोर्ट में अपना जवाब पेश कर याचिका को खारिज करने की गुहार की गई। अदालत ने राज्य सरकार के जवाब को रिकॉर्ड पर लेते हुए याचिकाकर्ता को इस पर अपना प्रति-जवाब पेश करने के लिए 13 फरवरी तक का समय दिया है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह और जस्टिस विनोद कुमार भारवानी की खंडपीठ ने ये आदेश विधायक रामकेश मीणा, पूर्व विधायक रमेश चन्द्र खंडेलवाल और नीमकाथाना बार एसोसिएशन की ओर से दायर जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए।

राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने अदालत में जवाब पेश कर कहा कि हमने विस्तृत राय और सभी कानूनी प्रक्रियाओं को अपनाने के बाद ही जिलों को खत्म करने का निर्णय लिया है। इससे पहले संबंधित जिलों की भौगोलिक और अन्य सभी जरूरी परिस्थितियों का भी परीक्षण कराया गया था। महाधिवक्ता ने अदालत से कहा कि राज्य सरकार को प्रदेश में सुचारू प्रशासन चलाने और विकास के लिए नए जिले बनाने या उनका अस्तित्व समाप्त करने का निर्णय लेने का अधिकार है। महाधिवक्ता की ओर से यह भी कहा गया कि यह जनहित याचिका बिना किसी आधार के जल्दबाजी में राजनीतिक हितों को साधने के लिए पेश की गई है। रामकेश मीणा के मामले में, जनहित याचिका दायर करने से पहले याचिकाकर्ता की ओर से इस संबंध में राज्य सरकार से कोई जानकारी नहीं मांगी गई। वहीं, याचिका दायर करने के बाद अदालत की ओर से इस संबंध में नाराजगी जताने के बाद आरटीआई के तहत दस्तावेज मांगे गए हैं। ऐसे में जनहित याचिका को खारिज किया जाए। इस पर याचिकाकर्ता की ओर से राज्य सरकार के जवाब पर अपना प्रति-जवाब पेश करने के लिए समय मांगा गया। ऐसे में अदालत ने याचिकाकर्ता को समय देते हुए मामले की सुनवाई 13 फरवरी तक टाल दी है। तीनों जनहित याचिकाओं में कहा गया कि जिला अस्तित्व समाप्त करने का निर्णय राजनीति से प्रेरित है। इन्हें करीब डेढ साल पहले जिला बनाया गया था और उसके बाद यहां जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन सहित अन्य विभाग स्थापित हो गये हैं। ऐसे में सरकार के इन्हें जिला निरस्त करने के आदेश को रद्द किया जाए।

### फैडरेशन ऑफ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

व्यवस्था में सुधार और भारत की वैश्विक व्यापार स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए ब्याज समानता योजनाओं के जारी रहने का आव्हान किया।

सहभागियों ने ग्रोथ के लिए संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया, और वैश्विक जोखिमों, जैसे भू-राजनीतिक तनाव, मुद्रास्फीति, और आपूर्ति श्रृंखला विघटन के खिलाफ उत्पादकता और लचीलापन को मजबूत करने वाली नीतियों का समर्थन किया।

वर्तमान सरकार का पहला पूर्ण बजट होने के कारण केन्द्रीय बजट 2025-26 भारत को एक प्रमुख स्थल के रूप में पुन: सुदृढ़ करने का एक अवसर प्रस्तुत करता है। सर्वेक्षण के निष्कर्षों से यह स्पष्ट होता है कि लगातार सुधारों, बढ़ते निवेशों और रणनीतिक हस्तक्षेपों के जरिए एक मजबूत, समावेशी और टिकाऊ विकास मार्ग को प्रोत्साहन देना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### ताहिर को ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

घर नहीं जा सकेगा क्योंकि उसके घर पर ही अपराधिक षड़यंत्र रचा गया था, उसका घर मुस्तफाबाद चुनाव क्षेत्र के पास ही है। हुसैन और उसके साथ तैनात पुलिस अफसर, उसके वकील सिद्धांत अग्रवाल द्वारा बताए गए आवास पर या निर्दिष्ट होटल पर ही रहेंगे। कोर्ट ने दो दिन का खर्च 2.07 लाख रूपए एडवांस जमा करने को कहा, शेष अवधि के लिए भी उसे अग्रिम भुगतान करना होगा।

हुसैन आम आदमी पार्टी का पूर्व पार्षद है, उस पर आरोप है कि वर्ष 2020 के पूर्वोत्तर दिल्ली दंगों के दौरान उसने आई.बी. कर्मचारी अंकित शर्मा की हत्या की थी।

### दिल्ली के चुनाव ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

केजरीवाल के लिये यह चुनावी लड़ाई प्रासंगिक बने रहने या समाप्त हो जाने की लड़ाई है, क्योंकि भाजपा और कांग्रेस दोनों ही केजरीवाल की पार्टी की समाप्ति चाहती हैं।

असली काम की बात यह है कि कांग्रेस और भाजपा एक-दूसरे से बाद में भी लड़ सकती हैं, लेकिन यह समय दिल्ली में आम आदमी पार्टी का पटाक्षेप कर देने का है।

## सैम पित्रोदा ने...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

टैक्स (विरासत कर) के बारे में बोलते हुए, उन्होंने सुझाव दिया था कि भारत में ऐसा कानून होना चाहिए, जिसके तहत, मृत्यु के बाद व्यक्ति द्वारा अर्जित संपत्ति का एक छोटा भाग ही उसके कानूनी उत्तराधिकारियों को मिले, बाकी बची संपत्ति को सरकार ले ले, जैसा कि युनाइटेड स्टेट्स में होता है।

इससे पहले, जून 2023 में पित्रोदा की इस टिप्पणी से भारी विवाद खड़ा हो गया था कि मंदिर से भारत की, गरीबी तथा बेरोजगारी जैसे समस्याएं दूर नहीं होंगी। चूँकि, यह बात अयोध्या में भव्य राम मंदिर के उद्घाटन से पूर्व कही गई थी, भाजपा ने पित्रोदा व कांग्रेस पर भारी हमला बोला था।

मई 2019 में, 1984 के सिख दंगों को लेकर पित्रोदा की टिप्पणी के कारण राजनीतिक विरोधियों में भारी आक्रोश पैदा हुआ। उस समय पित्रोदा ने कहा था: "हुआ सो हुआ।"

फरवरी 2019 में पुलवामा हमलों के बाद पित्रोदा ने, बालाकोट में भारतीय वायु सेना द्वारा की गई एयर स्ट्राइक्स की प्रभाव क्षमता पर प्रश्न उठाया था।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह कहकर, कि संविधान की रचना में बी.आर. अंबेडकर की तुलना में जवाहर लाल नेहरू का योगदान अधिक था, पित्रोदा ने अपने लिए भारी मुसीबत खड़ी कर ली थी।

### यमुना में ज़हर वाले ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बयानों के लिए तीन साल तक की कैद हो सकती है। आयोग ने कहा कि इस तरह के आरोपों से क्षेत्रीय समूहों और पड़ोसी राज्यों के निवासियों के बीच दुश्मनी पैदा होने, पानी की वास्तविक या कथित कमी या अनुपलब्धता के कारण कानून-व्यवस्था की स्थिति को खतरा पैदा होने का गंभीर खतरा है। आयोग ने केजरीवाल को 29 जनवरी, 2025 को रात 8 बजे तक शिकायतों पर अपना जवाब देने का निर्देश दिया है।

### 'पुलिस आरोपी को वॉट्सएप या ई-मेल पर नोटिस नहीं भेजे'

नई दिल्ली, 28 जनवरी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) या भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (बीएनएसएस) के तहत पुलिस वॉट्सऐप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के जरिए आरोपी व्यक्ति को नोटिस नहीं भेज सकती है। जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल की बैंच ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे पुलिस को सीआरपीसी की धारा 41ए या बीएनएसएस की धारा 35 के तहत नोटिस भेजने के लिए केवल वहीं तरीके अपनाने का निर्देश दें, जिनकी कानून के तहत अनुमति हो। शीर्ष कोर्ट ने कहा, यह पूरी तरह से स्पष्ट है कि वॉट्सऐप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से नोटिस भेजना सीआरपीसी और बीएनएसएस के तहत तय की गई विधियों का विकल्प नहीं हो सकता। यह आदेश तब आया जब कोर्ट ने वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा का सुझाव स्वीकार किया, जिन्हें इस मामले में एमिकस क्यूरी के रूप में नियुक्त किया गया था।

# मौनी अमावस्या पर हर 4 मिनट में प्रयागराज से ट्रेन चलेगी

## महाकुंभ में बुधवार को 10 करोड़ श्रृद्धालुओं के लिये 10 हजार आरपीएफ जवान ट्रेनों व रेलवे स्टेशन पर तैनात रहेंगे

■ महाकुंभ में यात्रियों की भारी भीड़ की व्यवस्था के लिये व्यापक सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किये गये हैं, जिनमें एआई आधारित सीसीटीवी कैमरे, खोजी कुत्तों और बम निरोधक दस्तों की तैनाती शामिल है।

नई दिल्ली, 28 जनवरी। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज महाकुंभ 2025 के दूसरे अमृत स्नान से पहले, महाकुंभ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

श्रद्धालुओं की सहूलियत को देखते हुए रेलवे कल यानी 29 जनवरी को 60 स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। मौनी अमावस्या से पहले भारतीय रेलवे द्वारा किए गए इंतजामों पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ सतीश कुमार ने कहा कि हमने सावधानीपूर्वक योजना बनाई है और 13-14 जनवरी को हुये अपने अनुभव से सीखा है।

पूर्व के अलावा, 60 विशेष ट्रेनें बुधवार को निर्धारित संख्या में चलेगी। कुल मिलाकर190 स्पेशल ट्रेनें चलेंगी। उस रूट पर 110 नियमित ट्रेनें हमेशा की तरह चलेंगी। प्रयागराज से हर 4 मिनट में ट्रेन उपलब्ध होगी और यह एक बड़ी उपलब्धि है। अधिकारी और रेलवे कर्मचारी तैनात और चालू है अलर्ट। हम हर मिनट उनसे अपडेट ले रहे हैं।

सतीश कुमार ने बताया कि वॉर रूम एक्टिव हो गया है। हमें बुधवार को कम से कम 10 करोड़ आगंतुकों की उम्मीद है। हमारी पूरी मशीनरी बहुत सक्रिय है और राज्य सरकार के साथ समन्वय में है। 8000-10000 आरपीएफ जवानों को ट्रेनों और रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए तैनात किया गया है।

रेलवे ने बताया कि 150 से ज्यादा ट्रेनों को प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज, नैनी, प्रयागराज छिवकी, प्रयाग जंक्शन, फाफामऊ, प्रयागराज रामबाग, प्रयागराज संगम और झूंसी से चलाया जाएगा।

### मतदान के एक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गया था कि आप 70 सदस्यों वाली विधानसभा में 36 सदस्यों के बहुमत के आँकड़े को पार कर जायेगी। किन्तु जैसे-जैसे मतदान का दिन पास आ रहा है, मार्केट ने अपने प्रोजैक्शन में थोड़ा-सा संशोधन किया है। ताजा अनुमान बता रहे हैं कि आप 39-41 सीटें जीतेगी, यानी आप के पक्ष में थोड़ी बढ़ोतरी की गई है। दूसरी तरफ, भाजपा के पक्ष में 29-31 सीटें प्रोजैक्ट की गई हैं तथा इस प्रकार वह बहुमत से 5-6 सीटें दूर रहेगी। कांग्रेस के पक्ष में कोई स्पष्ट प्रोजैक्शन नहीं किया गया है।

अरविंद केजरीवाल की आप को पिछले दो विधानसभा चुनावों में जबरदस्त विजय हासिल हुई थी, उसने 2015 में 67 सीटें तथा 2020 में 62 सीटें जीती थीं। पार्टी, राजधानी में अपनी मजबूत पकड़ के आधार पर, लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की जी-तोड़ कोशिश कर रही है।

### 'अधिकारी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

का काम पूरा नहीं होने के कारण यहां घंटों तक जाम लगा रहता है। इसके अलावा वाहनों के डायवर्ज़न को लेकर भी कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है, ऐसे में एनएचएआई और अन्य संबंधित अधिकारी आकर निर्माण पूरा होने की अंतिम तिथि के बारे में जानकारी दें।

जनहित याचिका में कहा गया कि जयपुर-अजमेर हाईवे पर बन रहे फ्लाईओवर का समय पर निर्माण पूरा नहीं हुआ है। जिसके चलते यहां जगह-जगह कई घंटों तक वाहन जाम में फंसे रहते हैं। इनका समय पर निर्माण पूरा करने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

# विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ी

## आप पार्टी व भाजपा के नेता तथा एक पूर्व सांसद कांग्रेस में शामिल हुए

■ कांग्रेस नेता, पवन खेड़ा ने बताया कि कांग्रेस की सदस्यता लेने वालों में माउन्टेन मैन दशरथ मांझी के पुत्र भागीरथ मांझी, बिहार प्रजापति कुम्हार संघ के प्रमुख मनोज प्रजापति, पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद अनबर अंसारी, भाजपा की पूर्व प्रवक्ता निखत अब्बास, आप के पूर्व प्रवक्ता निशांत आनंद और लेखक फ्रैंक हुज़ूर प्रमुख हैं।

नयी दिल्ली, 28 जनवरी। बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बढ़ रही राजनीतिक हलचल के बीच आम आदमी पार्टी (आप), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तथा एक पूर्व सांसद सहित कई प्रमुख लोग आज कांग्रेस में शामिल हुए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा तथा बिहार कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह की मौजूदगी में यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इन हस्तियों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

खेड़ा ने पार्टी में शामिल हुए नेताओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी में शामिल होने वाले नेताओं में माउंटेन मैन दशरथ मांझी के बेटे भागीरथ मांझी, अखिल भारतीय प्रजापति कुम्हार संघ, बिहार के प्रमुख मनोज प्रजापति, ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद अली अनवर अंसारी, डॉ. जगदीश प्रसाद, भाजपा की पूर्व प्रवक्ता निखत अब्बास तथा आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रवक्ता निशांत आनंद और लेखक फ्रैंक हुज़ूर शामिल हैं।

पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद अंसारी ने कहा कि वह पहले से ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विचारों से प्रभावित हैं। उनका कहना था कि गांधी के विचारों से बिहार में दलित, पिछड़े, आदिवासी और अल्पसंख्यकों में उत्साह पैदा हुआ है और वह भी कांग्रेस के विचारों से सहमत हैं।

निखत अब्बास ने कहा कि वह कांग्रेस की विचारधारा के साथ यह सोचकर आगे बढ़ रही हैं कि हम साथ रहेंगे तो मजबूत रहेंगे। उन्होंने कहा, आज भाजपा की डर और कट्टरता की राजनीति को खत्म करने का समय आ गया है।

प्रजापति ने कहा कि बिहार का पिछड़ा वर्ग राहुल गांधी के नेतृत्व में एकजुट है और इस साल बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अच्छा प्रदर्शन करेगी।

# ट्रंप ने कहा, भारत अधिक अमेरिकी हथियार खरीदे

■ वाइट हाउस के बयान के अनुसार, ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी से वार्ता में खरीद बढ़ाने पर जोर दिया।

वाशिंगटन, 28 जनवरी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत की ओर से अमेरिका निर्मित सुरक्षा उपकरणों की खरीद बढ़ाने और निष्पक्ष द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों की दिशा में आगे बढ़ने के महत्व पर जोर दिया है। ट्रंप ने सोमवार रात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ फोन पर बातचीत के दौरान यह बात कही।

अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय 'व्हाइट हाउस' की ओर से जारी बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने मोदी की व्हाइट हाउस यात्रा की योजना पर भी चर्चा की। बयान में कहा गया, आज, राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ सार्थक बातचीत की।

दोनों नेताओं ने सहयोग बढ़ाने और गहरा करने पर चर्चा की। उन्होंने हिंद-प्रशांत, पश्चिम एशिया और यूरोप में सुरक्षा सहित कई क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। राष्ट्रपति ने भारत द्वारा अमेरिका निर्मित सुरक्षा उपकरणों की खरीद बढ़ाने और निष्पक्ष द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों की ओर बढ़ने के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने कहा, नेताओं ने दोनों देशों के बीच दोस्ती और रणनीतिक संबंधों की ताकत को रेखांकित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी की व्हाइट हाउस यात्रा की योजना पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी और हिंद-प्रशांत क्वाड साझेदारी को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। इस साल के अंत में भारत पहली बार क्वाड नेताओं की मेजबानी करेगा।

### मौनी अमावस्या...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

12 बजे तक यह आंकड़ा पांच करोड़ को पार करने का अनुमान है।

गौरतलब है कि महाकुम्भ में मकर संक्रांति स्नान पर्व पर साढ़े तीन करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया था।

इस बीच मौनी अमावस्या पर जनसैलाब के मद्देनजर प्रशासन ने सुरक्षा के भारी इंतजाम किये हैं। चप्पे चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात किये गये हैं। ड्रोन और सीसीटीवी के जरिये भीड़ की निगरानी की जा रही है।

मार्डन मीडिया, बीकानेर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 35214/79, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय:-राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908